RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 123 • 16:05:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-

## भीषण गर्मी में बंदर ने ढूंढा ठंडक का जुगाड़

● दिनभर में 5-6 बार खा रहा कुल्फी, रोज लगा रहा पुलिस थाने के चक्कर



**झालावाड़ (एजेंसी)।** राजस्थान में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई इलाकों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। हर कोई चिलचिलाती गर्म हवाओं से राहत पाने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच झालावाड़ जिले से एक बंदर की तस्वीर सामने आई है। इस बंदर गर्मी से बचने के का जुगाड़ कुल्फी में ढूंढ़ लिया है। चिलचिलाती धूप में राहत भरी कुल्फी उसे इतनी पसंद आने लगी है कि दिन में 5-6 बार कुल्फी के चटकारे लेने लगा है।

## राजस्थान में खदान हादसे में एक अधिकारी की मौत

### 15 घंटे में बचाए गए 14 लोग

**जयपुर/खेतड़ी (एजेंसी)।** राजस्थान में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान (खेतड़ी) खदान में फंसे 15 अफसरों में से 14 को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है। उनके पार्थिव शरीर को खेतड़ी



कॉपर कॉर्पोरेशन हॉस्पिटल में रखा गया है। हालांकि प्रशासन ने अभी इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। बचाए गए अफसरों में से 7 घायलों को जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। दरअसल, नीमकाथाना जिले की इस खदान में मंगलवार शाम हुए एक एक्सीडेंट में 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे। खदान में 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

● दिल्ली आवास पर रखी जाएगी पार्थिव देह; अंतिम संस्कार आज ग्वालियर में

**ग्वालियर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया। वे 75 साल की थीं। पिछले दो महीने से बीमार होने से दिल्ली एम्स में भर्ती थीं। उन्होंने बुधवार सुबह 9.28 बजे अंतिम सांस ली। पार्थिव देह



बुधवार दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक उनके दिल्ली वाले आवास पर रखी जाएगी। फिर गुरुवार सुबह 11 बजे ग्वालियर लाई जाएगी, यहां दोपहर तीन बजे तक अंतिम दर्शन के लिए रखी जाएगी। अंतिम संस्कार ग्वालियर में शाम 5 बजे किया जाएगा। माधवी राजे के निधन पर सीएम डॉ. मोहन यादव, पूर्व सीएम कमलनाथ समेत कई नेताओं ने दुख जताया। राजमाता माधवी राजे मूलत: नेपाल की रहने वाली थीं। वे नेपाल राजघराने से संबंध रखती थीं। उनके दादा जुद्ध शमशेर बहादुर नेपाल के प्रधानमंत्री थे। राणा वंश के मुखिया भी रहे थे। 1966 में माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था।

# केपटाउन की राह पर राजस्थान

● अगले साल खत्म होगा जयपुर, अजमेर, जैसलमेर, जोधपुर का पानी!

● आठ करोड़ की आबादी वाले मरू प्रदेश राजस्थान में पानी बचा ही नहीं है



**जयपुर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन को दुनिया का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। अगला नंबर हमारे राजस्थान का हो सकता है। साढ़े आठ करोड़ की आबादी वाले मरू प्रदेश राजस्थान में पानी बचा ही नहीं है। भूजल विभाग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले साल यानी 2025 तक जयपुर, अजमेर, जोधपुर समेत तमाम बड़े शहरों में पानी बचेगा ही नहीं। राजस्थान में हर साल बारिश और अन्य स्त्रोतों से जितना पानी रिचार्ज होता है उससे 5.49 बिलियन क्यूबिक मीटर ज्यादा पानी इस्तेमाल हो रहा है। यानी भविष्य की बचत को आज ही खर्च किया जा रहा है। केंद्रीय भू जल बोर्ड व राजस्थान के भूजल विभाग की डायनामिक ग्राउंड वाटर रिसोर्स रिपोर्ट में 2025 तक जयपुर अजमेर, जैसलमेर और जोधपुर में पानी की उपलब्धता का आकलन शून्य किया गया है। मौजूदा हालात भी अच्छे नहीं हैं। भीषण गर्मी में राजस्थान के कई जिलों में पानी की राशनिंग पहले से जारी है।

रिपोर्ट तैयार करने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2025 तक इन शहरों में भूजल का गतिशील संसाधन शून्य हो जाएगा। इसका अर्थ यह है कि यहां जितना पानी रिचार्ज हो रहा है, उससे कहीं ज्यादा हम जमीन से निकाल रहे हैं।

● **40 साल में स्थिति उलट गई स्थिति-** भूजल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 40 साल में राजस्थान की स्थिति एकदम पलट गई है। साल 1984 में राजस्थान में 236 ब्लॉक्स में से 203 पीने के लिए सुरक्षित थे। 10 सेमी क्रिटिकल, 11 क्रिटिकल और 12 अति-दोहन वाले थे। राजस्थान में जितना पानी रिचार्ज होता था उसका 35.75 प्रतिशत ही हम इस्तेमाल करते थे। 2023 में जितना रिचार्ज होता है, उसका 148.77 प्रतिशत हम काम में ले रहे हैं। यानी जमीन से जो पानी हम खींच रहे हैं वह भविष्य की सेविंग्स है, जिसे हम आज खर्च कर रहे हैं।

● **189 ग्राम पंचायतों में जल स्तर बढ़ा-** भूजल वैज्ञानिकों ने बताया कि रिपोर्ट डायनामिक फैक्टर्स के आधार पर तैयार की जाती है। इसमें समय-समय पर बदलाव हो सकते हैं। यदि बारिश अच्छी हो और रिचार्ज ठीक से किया जाए तो यह स्थिति बदल सकती है। भूजल विभाग के मुख्य अभियंता सूरज भान सिंह ने बताया कि भूजल संरक्षण के लिए चलाई जा रही अटल भूजल योजना के तहत पिछले चार वर्षों में 15 हजार जल संचयन संरचनाएं बनाई गईं। इसके अलावा 30 हजार से अधिक किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर की ओर मोड़कर पानी खपत कम करने की कोशिश भी की गई।

## राहुल गांधी ने ओडिशा में संविधान की कॉपी लहराई, बोले

### भाजपा के नेता कहते हैं, चुनाव जीते तो इसे फाड़ कर फेंक देंगे



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को ओडिशा के बलांगीर में एक रैली में कहा- भाजपा के नेता कहते हैं, अगर वे लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो इस किताब (संविधान) को फाड़ कर फेंक देंगे। मैं भाजपा के नेताओं से कहना चाहता हूं कि भाजपा या नरेंद्र मोदी तो दूर दुनिया की कोई भी शक्ति संविधान को नहीं छू सकती। राहुल ने कहा- अगर वे संविधान को फाड़ने की कोशिश करेंगे तो ये देखना ये देश और कांग्रेस पार्टी उनके साथ क्या करती है। हिंदुस्तान के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों को जो भी दिया है वह इसी संविधान ने दिया है। 2024 की चुनावी लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच की है।

### बीजेपी-बीजेडी की शादी हो चुकी है

राहुल गांधी ने 28 अप्रैल को केंद्रपाड़ा में रैली की थी। उन्होंने कहा था कि ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी की शादी हो चुकी है। 'दिल्ली वाले अंकल' और नवीन बाबू ने इस शादी में ओडिशा की जनता को 'PAANN' दिया है। इसका मतलब... पीए पांडियन (नवीन पटनायक के करीबी आईएएस अफसर),ए-अमित शाह, एन-नरेंद्र मोदी, एन- नवीन पटनायक। इन्होंने मिलकर आपका पैसा लूटा है।

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच गठबंधन है। पीएम मोदी ने केंद्र में 22-25 अरबपतियों की सरकार चलाई। वही काम ओडिशा में नवीन बाबू कर रहे हैं। इसका पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों को होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है।

## नड्डा बोले- आरजेडी का फुल फॉर्म- रिश्वतखोरी, जंगलराज, दलदल है

**मोतिहारी (एजेंसी)।** मोतिहारी में बुधवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा साथी ही मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।



नड्डा ने आरजेडी का फुल फॉर्म बताते हुए कहा कि ये रिश्वतखोरी, जंगलराज, दलदल है। पाताल, समुद्र, अंतरिक्ष, जमीन में कांग्रेस ने घोटाले किए। इन्होंने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाला ना किया हो। लालू जी चारा तक खा गए। नौकरी के नाम पर जमीन ली। उन्होंने ने कहा कि ये लोग मुसलमानों को आपका आरक्षण देना चाहते हैं। संविधान बदलना चाहते हैं। राहुल जी को संविधान की समझ नहीं है। वो पढ़े-लिखे नहीं है। लालू जी भी मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन को सनातन विरोधी बताया।

## चंपारण में बज रहा है प्रधानमन्त्री मोदी का डंका: डॉ संजय जायसवाल

चाणक्य भूमि बेतिया

**बेतिया।** वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बेतिया के जौकटिया, बैठनिया भानाचक, जागीरटोला, मुसहरी टोला, के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की तथा उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया.



इस दौरान लोगों से मिल रहे समर्थन से उत्साहित एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि जनता जानती है कि एनडीए सरकार में चंपारण में जितने काम हुए हैं उतना आजादी के दशकों बाद तक भी नहीं हुए थे. सूबे में एनडीए राज आने से पहले न तो यहां ढंग से चलने लायक सडकें थी और न ही बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं. शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं भगवान भरोसे थीं, वहीं कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं थी. यहां के विकास के लिए भेजी गयी सिफारिशें फाइलों में धूल फांकती रहती थीं. लेकिन एनडीए राज आने के बाद व्यवस्थाओं में बदलाव हुआ और मोदी राज आने के बाद यहां के सूरते हाल ही बदल गए. उन्होंने कहा कि चमचमाते नेशनल हाईवे से आज चंपारण से राजधानी जाने में 4 से 5 घंटे लगते हैं, वहीं गांव-गांव में पक्की सड़कों का निर्माण हुआ है. बेतिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में लोगों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं. हर जगह सड़क, बिजली, पानी, शौचालय का जाल बिछ चुका है. गांव गांव में साइकिल से स्कूल जाती हुई बच्चियां दिखायी देती हैं. उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को रसोई के काले धुंए से मुक्ति मिली है, गरीबों को पक्का मकान मिला है, आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को 5 लाख सालाना के मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है और किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है. वास्तव में मोदी सरकार ने यह दिखा दिया है कि विकास के लिए मोदी सरकार जरूरी है. डॉ जायसवाल ने कहा कि चंपारण की जनता ने मोदी सरकार और कांग्रेस दोनों के राज को देख रखा है, इसीलिए उन्हें भाजपा और कांग्रेस दोनों के बीच का अंतर भली भांति पता है. भाजपा में उन्हें जहां भविष्य की झलक दिखाई देती है, वहीं कांग्रेस में कुशासन नजर आता है।

## कंगना के पास 50 बीमा पालिसी, 6.7 किलो सोना, 60 किलो चांदी... 91 करोड़ की है संपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत की कुल संपत्ति लगभग 91 करोड़ रुपये है। यह जानकारी मंगलवार को उन्होंने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के समक्ष दाखिल



नामांकन पत्र में दी। 37 साल की कंगना के पास 2 लाख रुपये नकद के साथ मणिकरण फिल्म्स और मणिकर्णिका स्पेस एलएलपी नाम की कंपनियों में कुल 1.22 करोड़ रुपये के शेयर हैं। अन्य संपत्तियों में जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ओर से जारी 50 बीमा पॉलिसियां, 5 करोड़ रुपये मूल्य का 6.7 किलो सोना, 50 लाख रुपये मूल्य की 60 किलो चांदी और 3 करोड़ रुपये मूल्य के हीरे शामिल हैं। उनकी 50 जीवन बीमा पॉलिसियों में से प्रत्येक की सरेंडर वैल्यू एक से 11 लाख रुपये तक है।

### दहेज के झूठे आरोपों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

## दूल्हा-दुल्हन को शादी में मिलने वाली उपहारों की बनानी चाहिए लिस्ट

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि सभी को शादी में मिले उपहारों की एक लिस्ट बननी चाहिए और उस पर वर एवं वधू पक्ष के हस्ताक्षर भी कराए जाएं। ऐसा करने से विवादों के निपटारे में मदद मिलेगी। याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 23 मई नियत की है और राज्य सरकार से पूछा है कि क्या दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत कोई नियम प्रदेश सरकार ने बनाया है, यदि नहीं तो विचार करे।



कोर्ट ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1985 का जिक्र करते हुए कहा कि इस कानून में एक नियम यह भी है कि वर एवं वधू को मिलने वाले उपहारों की सूची बननी चाहिए। इससे यह स्पष्ट होगा कि क्या-क्या मिला था। कहा कि शादी के दौरान मिलने वाले गिफ्ट्स को दहेज के दायरे में नहीं रखा जा सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने अंकित सिंह व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि दहेज की मांग के आरोप लगाने वाले लोग अपनी अर्जी के साथ ऐसी लिस्ट क्यों नहीं लगाते? दहेज प्रतिषेध अधिनियम का उसकी पूरी भावना के साथ पालन होना चाहिए।

## झांसी में 4 मंजिला शोरूम में भीषण आग

### सेना को बुलाया गया; फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर; 7 दुकानें जलीं



**झांसी (एजेंसी)।** झांसी के सबसे बड़े बाजार सीपरी में बुधवार को भीषण आग लग गई। 4 मंजिला कोहली स्टोर से भड़की आग ने 7 दुकानों को चपेट में ले लिया। आग से अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार और ग्राहक भागने लगे। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। सेना को भी बुलाया गया है। पुलिस ने बताया- रस विहार तिराहा के पास कोहली स्टोर है। चारों मंजिल पर कपड़े के शोरूम हैं। दोपहर 1.30 बजे आग लगी। दुकान में कपड़े रखे होने की वजह से आग बहुत तेजी से फैली। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। 2-3 घंटे से आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

● जारी हुए सर्टिफिकेट, केंद्र ने 11 मार्च को देशभर में लागू किया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार (15 मई) को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं।

केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को सीएए देशभर में लागू किया था। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर- मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी। दरअसल, 10 दिसंबर 2019 को सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल लोकसभा से और अगले दिन राज्यसभा से पारित हुआ था। 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मंजूरी मिलने के बाद सीएए कानून बन गया था।




## अखिलेश बोले- यूपी में गठबंधन जीतेगा 79 सीटें, लड़ाई "क्योटो" में

● लखनऊ में खड़गे बोले- मोदी मंगलसूत्र नहीं काम पर मांगें वोट

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में बुधवार को इंडी गठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मौजूद रहे। खड़गे ने कहा- देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। चार चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन मजबूत दिख रहा है। मोदी की सरकार इस बार नहीं बनेगी। इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा- 10 साल दिल्ली और 7 साल यूपी की सरकार ने झूठे वादे किए। इंडी गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 सीटें जीत रहा है। वाराणसी का इशारा करते हुए कहा कि 'क्योटो' में लड़ाई है। ये 400 पार का नारा इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि देश का संविधान बदलना चाहते हैं। ये पूरे देश की मिली-जुली तहजीब को बदलना चाहते हैं। पूरे देश को एक



रंग में रंगना चाहते हैं।

इंडी गठबंधन के लिए जनता का समर्थन दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में 140 करोड़ की जनता भारतीय जनता पार्टी को 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। भारतीय जनता पार्टी का रथ फंसा नहीं धंस गया है। उनकी भाषा बदली है। देश की जनता बदलाव चाहती है। थार वाली घटना अभी किसान भूले नहीं हैं। उनकी सरकार में लाखों किसानों ने आत्महत्या की है। बुंदेलखंड में बीजेपी का खाता नहीं खुलेगा। वहां भारतीय जनता पार्टी को खंड-खंड कर देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमर शहीद सुखदेव की जयंती मनाई गई

**चाणक्य भूमि सम्पादक अजित कुमार की विशेष रिपोर्ट**,भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शहीद-ए-आजम सुखदेव की जन्मदिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन। आज दिनांक 15 मई 2024 को सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शहीद-ए-आजम सुखदेव को उनके जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता ,डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय , वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक,डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया डॉ महबूब उर रहमान मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट की निदेशक एस सबा ने संयुक्त रूप से कहा कि आज ही के दिन 15 मई, 1907 महान स्वतंत्रता सेनानी का जन्म हुआ था उनका सारा जीवन सामाजिक एकता एवं देश की स्वाधीनता के लिए समर्पित रहा। इन स्वतंत्रता सेनानियों का सत्याग्रह की जन्मस्थली बेतिया पश्चिम चंपारण से गहरा लगाव रहा है। भगत सिंह और राजगुरु के साथ फांसी पर चढ़ने वाले क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव थापर का जन्म 15 मई 1907 को हुआ था। सुखदेव का जन्म पंजाब के लुधियाना में रामलाल और रल्ली देवी थापर के घर हुआ था। जिसने उन्हें औपनिवेशिक शासन से मुक्ति के लिए क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। सुखदेव नौजवान भारत सेवा में शामिल हो गए, जिसे 1926 में भगत सिंह ने शुरू किया था । दोनों करीबी दोस्त और सहयोगी बन गए। उन्होंने पंजाब बिहार बंगाल एवं देश के युवाओं में राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों में भाग लिया।

### बगहा मे आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा परंतु नगर प्रशासन मौन

**नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा, दो लोगों को काट कर किया ज़ख्मी अस्पताल में भर्ती**

**चाणक्यभूमि बगहा**। अनुमंडलीय अस्पताल में पत्नी का इलाज कराने आए पति को आवारा कुत्ते ने काट कर ज़ख्मी कर दिया हैं। दरसल बुधवार को पटीलार गांव निवासी मोहम्मद सनी खान के पुत्र आफताब आलम अपनी पत्नी का ईलाज कराने के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में ला रहें थीं उसी दौरान अस्पताल कैम्पस में एक आवारा कुत्ता घूम रहा था वह अचानक अफताब आलम पर हमला कर ज़ख्मी कर दिया। अस्पताल में उपस्थित गार्ड के द्वारा आवारा कुत्ता को मार पीट कर कैम्पस से बहार करते हुऐ जख्मी अफताब को इलाज़ के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ संजय कुमार गुप्ता ने प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उन्होंने बताया की स्थिति गम्भीर नहीं हैं। वहीं ज़ख्मी अफताब आलम ने बताया की कुत्ता ने अचानक हमला कर दिया हैं। मैं अपनी पत्नी मुस्तकिमा बेगम को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आ रहा था की अचानक कुत्ता ने अस्पताल कैम्पस मे खड़ा था और हमको देख कर हमला कर दिया है। बताते चलें नगर के नवकी बाजार में एक एक व्यक्ति को वहीं आवारा कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया घायल व्यक्ति छोटकी पट्टी बड़गांव निवासी सुरेश साह के रुप में हुई हैं। जिनका ईलाज बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया है।

### बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी के शौचालय में पानी नहीं



अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी के शौचालय में पानी नहीं रहने से पुलिस पदाधिकारी सहित मरीज बाल्टी से पानी भरकर शौचालय जाने को मजबूर

**चाणक्य भूमि** के लिए नीरज की रिपोर्ट ,चाणक्यभूमि बगहा। नेपाल व उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में प्रति दिन दो से तीन सौ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बुधवार को ओपीडी में डॉ.विनय कुमार व महिला चिकित्सक डॉ.सुनिष्ठा मरीजों का इलाज करती नजर आई। और गर्मी से मरीज प्यास से बेहाल हो रहे थे। ओपीडी मे लगे आरओ और बेसिन में भी पानी नहीं आ रहा था। इसी बीच एक पुलिस अधिकारी आर.के.राय चापाकल पर बाल्टी में पानी भरते नजर आए। पूछने पर बताया कि शौचालय में पानी नहीं है। अब ऐसे में कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा तो बाल्टी स पानी भर कर काम चला रहें है। नागेंद्र प्रसाद ने आरओ व बेसिन को दिखाते हुए बोला हम लोग पानी कहां से लाए। यहां पानी इस गर्मी में उपलब्ध कराना चाहिए।बडगांव की नीलम देवी,पनियहवा के नगीना चौधरी,सुमीत उरांव आदि ने पानी को लेकर परेशानी बताया। बतादें कि अनुमंडलीय अस्पताल की साफ-सफाई के लिए अमित द्ववेदी को जवाबदेही दी गई है। इनको प्रति माह हजारों की राशि सफाई के लिए अस्पताल प्रबंधन के द्वारा दी जा रही है। इसी माह से जीविका समूह को सफाई की जवाबदेही देनी जानी थी। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आदेश पत्र नहीं आने के कारण उक्त संस्था ही सफाई का काम कर रही है। बतादें कि पूर्व में भी ओपीडी के शौचालय में जलजमाव होने से गंदगी को लेकर मरीज परेशान थे। वहीं इस मामले में अनुमंडल अस्पताल प्रभारी उपरीक्षक डॉ. के बीएन सिंह ने बताया कि ओपीडी कक्ष में Ac का काम किया जा रहा था। सफाई कर्मी के द्वारा मोटर नहीं चलाने के कारण पानी नहीं आ रहा था। सूचना मिलते ही मोटर चलवाने के साथ पानी की आपूर्ति कर दी गई है। ऐसी लापरवाही करने वाले कर्मी को चिन्हित करते हुए कार्रवाई किया जाएगा।

### पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**चाणक्यभूमि** मैनाटांड़ ,पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किए गए। डॉ धनंजय त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी बिहार के गौरव थे बिहार में हमारे भाजपा के महान नेता थे । उनका कैंसर के कारण उनकी निधन हो गया है। हमें एवं हमारे पार्टी को उनकी निधन होने पर की वजह से काफी दुःख हैं।इस मौके पर डॉ धनंजय कुमार त्रिपाठी , नरेंद्र प्रसाद , पप्पू चौधरी , अमर प्रसाद कुशवाहा, शिवजी प्रसाद कुशवाहा, परविंदर पटेल, जय नारायण यादव इत्यादि सभी लोग उपस्थित थे।

### मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण केंद्र पर मतदान किया

**चाणक्यभूमि बेतिया**,मतदानकर्मियों ने आज प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने मतों का प्रयोग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रशिक्षण केंद्र पर ही मतदानकर्मियों के मतदान की वयवस्था चुनाव आयोग ने की थी जहां पर सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके लिए वहां बने बूथ पर एक एक कर कर्मियों ने बैलेट के माध्यम से वोट दे उसे बैलेट बॉक्स में डाला। प्रशिक्षण केंद्र पर वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 476 मत डाले गए। जबकि पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 264 वोट पड़े।

# मुखिया पति ने किसान को मारी गोली, जमीन विवाद में गोलीबारी

एजेंसी, पटना।

पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल में मुखिया पति और बेटे ने एक किसान को गोली मारकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए जख्मी को उठाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घटना पालीगंज थाना क्षेत्र के परियों गांव की है। मंगलवार की देर रात आपसी विवाद में एक किसान को गांव के ही मुखिया पति और उसके बेटे ने गोली मार दी। जख्मी की पहचान परियों गांव निवासी स्व० देवनंदन सिंह का पुत्र राजेश्वर सिंह 55 वर्ष के रूप में किया गया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोग डरे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक परियों गांव निवासी



राजेश्वर सिंह मंगलवार की देर शाम खेत से अपने घर लौट रहे थे।

**वारदात के बाद सभी आरोपी गांव से फरारः** इसी बीच गांव के ही मुखिया आशा देवी के पति सत्येंद्र रजक उनके बेटे टुनटुन रजक व अन्य दीपक रजक ने उनहे रोक लिया और गोली मार दी । घटना के बाद सभी फरार हो गए।इसी घटना की जानकारी होते हीं परिजन व ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें पीएचसी पालीगंज लाया

♦ **मुखिया का बेटा भी आरोपी**

गया।जहां डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। पीड़ित राजेश्वर सिंह ने बताया कि उनका मधवां पंचायत के मुखिया व परियों का निवासी आशा देवी के पति से पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार की देर शाम वह खेत से लौटते हुए हाई स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि मुखिया पति और उनके दोनो बेटों ने उन्हें घेर कर गोली मार दिया । डॉक्टरो ने बताया कि खून बहुत ज्यादा निकल रहा है। इस कारण पता नहीं चल पा रहा है गोली लगी है या चाकू लगा है। गहन परीक्षण के बाद ही पता चल सकेगा। बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है।

**पटना जंक्शन की घटना**

# नेवी जवान के गले से चेन खींच कर भाग रहे बदमाशों को पीटा

एजेंसी, पटना।

पटना जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान दो बदमाशों ने इंडियन नेवी के जवान अभिषेक कुमार यादव की चेन खींच ली और भागने लगे। अभिषेक और अन्य यात्रियों ने बदमाशों मुन्ना कुमार और निपेंद्र कुमार को पकड़ लिया। दोनों को जमकर पीटा। मुन्ना के पास से अभिषेक की चेन बरामद की गई। मुन्ना नालंदा के अंगारी और निपेंद्र पश्चिमी चंपारण के गौनाहा का है। दोनों को जीआरपी के हवाले कर दिया। अभिषेक छपरा के डोरीगंज के रहने वाले हैं। उधर, कोडरमा के झंडा चौक की रहने वाली संगीता शर्मा के लाखों के गहने की चोरी ट्रेन में हो गई। संगीता ने राजेंद्रनगर स्टेशन जीआरपी में केस दर्ज कराया। बेगूसराय के विजय कुमार की पत्नी गुड़िया देवी का पर्स चोरों ने विक्रमशीला एक्सप्रेस से हाथीदह में चोरी कर ली। पर्स में आईफोन, सोने की चेन, कानबाली और छह हजार नकद थे। उन्होंने भी राजेंद्रनगर टर्मिनल रेल थाना में केस दर्ज करा दिया। जनशताब्दी से दुर्गापुर जा रहे




यात्री नवीन कुमार मंडल का बैग चोरों ने चुरा लिया। उस बैग में एक लैपटॉप, चार्जर व दस हजार नकद थे। नवीन बंगाल के वर्धमान के रहने वाले हैं। आनंदपुरी में रहने वाले प्रभाकर कुमार के बैग से बदमाशों ने सात लाख के गहने उड़ा लिए। वे पत्नी के साथ ट्रेन से टाटानगर से पटना आ रहे थे।


**एटीएम कार्ड बदलकर 1 लाख रुपए की चपत लगाईः** बोरिंग कैनाल रोड स्थित पीएनबी की एटीएम में बदमाश ने बुजुर्ग प्रेम कुमार सिंह का कार्ड बदल दिया। इसके बाद 30 हजार नकद निकाला और 73 हजार के गहने खरीद लिए। प्रेम सिंह राजापुर के रहने वाले हैं। उन्होंने बुद्धा कॉलोनी थाने में केस दर्ज करा दिया।

# दुर्लभ स्टैंप्स, सिक्के, पेन की दिखेगी प्रदर्शनी

एजेंसी, पटना।

18 मई को इंटरनेशनल म्यूजियम डे मनाया जाएगा। इसे लेकर राजधानी पटना में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में दुर्लभ वस्तुओं की एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में दुर्लभ स्टैंप्स, सिक्के, पेन आदि चीजें गैलरी में देखने को मिलेंगी, इसको प्रदर्शित करने के लिए बिहार और झारखंड के प्रचलित संग्रहक भाग ले रहे हैं।

**ओपन हाउस क्विज का भी आयोजनः** इस प्रदर्शनी के अलावा एक ओपन हाउस क्विज भी आयोजित की जाएगी जिसका विषय 'म्यूजियम फॉर एजुकेशनल एंड रिसर्च' होगा। इसमें कक्षा 8वीं से 12वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान भी आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान, पटना के डॉ. सुजीत नयन 'म्यूजियम



❐ **श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में बिहार-झारखंड से आएंगे संग्रहक, इंटरनेशनल म्यूजियम डे पर स्कूली बच्चों के लिए एंट्री फ्री**

फॉर सोसाइटी' पर व्याख्यान देंगे। यहां एएसआई का भी एक स्टॉल रहेगा। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र के शिक्षा सहायक मोहम्मद आफताब हुसैन ने बताया कि कलेक्टर अमरेंद्र कुमार सिक्कों की प्रदर्शनी लगाएंगे, ललित कुमार मिश्रा टिकट पर कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। जबकि यूसुफ मंजूर पेन पर एक कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे।

# PMCH से चोरी हुए नवजात का कोई सुराग नहीं

एजेंसी, पटना।

बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच से चोरी हुए नवजात का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आईसीयू में भर्ती मां की तबीयत बिगड़ गई है। थक-हारकर परिजन एसएसपी सह डीआईजी राजीव मिश्रा के पास पहुंचे। आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पिता शिवपूजन कुमार ने बताया कि पीएमसीएच में गार्ड और कर्मियों की लापरवाही से मेरा बच्चा चोरी हुआ है। बच्चे का जन्म 4 मई को हुआ था। बगल वाले बेड पर लड़की थी, लेकिन महिला उसको नहीं लेकर गई। मेरे बेटे को लेकर चली गई। पत्नी की तबीयत ज्यादा ही खराब हो गई है। सदमे से परिवार के सदस्यों ने भी खाना छोड़ दिया है। इतना कहते ही शिवपूजन एसएसपी दफ्तर के गेट पर ही रोने लगे।

**डिप्टी सीएम से भी मिलेंगे परिजनः** साथ में एसएसपी से मिलने पहुंचे बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह कल्लू ने बताया कि पॉजिटिव बातचीत हुई है। एसएसपी



ने पीरबहोर थानाध्यक्ष से बातचीत की है। बच्चे की सकुशल बरामदगी का आश्वासन मिला है। शाम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी परिजनों की मुलाकात कराई जाएगी।

**पीएमसीएच के कर्मियों से पूछताछः** वहीं, टाउन डीएसपी ने अशोक सिंह ने कहा कि इस मामले में अधिक लापरवाही पीएमसीएच प्रसूति विभाग के कर्मियों और गार्ड की है। उनसे भी अनुसंधान के क्रम में पूछताछ की जाएगी। पुलिस की कोशिश होगी कि बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया जाए। छानबीन जारी है।

**क्या है पूरा मामलाः** बता दें, मंगलवार 14 मई को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के प्रसूति वार्ड से महिला चोर नवजात बच्चे को चोरी कर आसानी से फरार हो गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई । परिजनों के मुताबिक, हाजीपुर की रहने वाली सिंधु कुमारी को 4 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बड़े ऑपरेशन से बच्चे का जन्म

**आईसीयू में भर्ती मां की बिगड़ी तबीयत; फूट-फूटकर रोए पिता, एसएसपी से कहा- सदमे में है पूरा परिवार**

हुआ था। मां की स्थिति गंभीर होने के कारण ICU में भर्ती कराया गया और बच्चा अपनी नानी के पास खेल रहा था। इस बीच एक अनजान महिला वहां पहुंची। उसने पहले जान-पहचान की। फिर पपीता खाने को पूछा। मना करने पर वहीं पास में बैठ गई। फोन पर बात करने का बहाना बनाकर बच्चे को लेकर भाग गई।

**आराम से बच्चा को लेकर हुई फरारः** सीसीटीवी वीडियो में दिख रहा है कि महिला चोर पहले बच्चे के पास बैठती है। फिर बच्चे को अपने गोद में लेकर खिलाती है। थोड़ी देर में बच्चे को गोद में लेकर खड़ा हो जाती है और धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। इस दौरान फोन पर किसी से बात करते हुए वार्ड से निकल जाती है।

# तेजस्वी बोले-मुख्यमंत्री हमारे साथ, गिरिराज का पलटवार-जंगलराज-3 नहीं होगा

**चिराग ने कहा- उनको इतना एहसास है कि बिना नीतीश के वह चुनाव नहीं जीत सकते**

एजेंसी, पटना।

एनडीए के नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के उस बयान पर निशाना साधा है, जिनमें उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए के साथ हैं। लेकिन, असल में मुख्यमंत्री हमारे साथ हैं। इस पर पलटवार करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव घबराए हुए हैं। वे डरे हुए हैं। गिरिराज ने कहा कि उनके साथ कोई वोट नहीं है। इधर, हमारे साथ हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। सम्राट चौधरी भी हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 2005 से पहले के जंगलराज को आने नहीं देंगे। वहीं, चिराग पासवान ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के नाम का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए अगर तेजस्वी



को करना पड़ रहा है तो यह दर्शाता है कि कितने असमर्थ हैं। कितने कमजोर हैं।

**चिराग बोले- मुख्यमंत्री का नाम लेकर भ्रम फैला रहे तेजस्वीः** चिराग ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार गठबंधन में नहीं भी हैं तब भी उनके नाम का इस्तेमाल करके भ्रम फैला रहे हैं। अब वो जमाना चला गया कि बिहार के लोगों को इस तरीके से बहलाकर उलझा देते थे। आज की तारीख में बिहार की जनता इतनी जागरूक है, इतनी जानकार हैं कि वह आपकी मनसा को जानती है।

**तेजस्वी ने क्या कहा थाः** दरअसल, तेजस्वी ने कहा है कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए के साथ हैं। लेकिन, असल में हमारे साथ हैं। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा था कि नीतीश कुमार ने ही उन्हें बीजेपी 2014 में आई थी और 2024 में वापस जाएगी। नीतीश कुमार भी यही चाहते हैं कि हम उन्हीं के अनुसार काम कर रहे हैं।

**तेजस्वी बोले- पीएम को मार्गदर्शन मंडल में जाना चाहिए** : तेजस्वी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब मार्गदर्शन मंडल में चले जाना चाहिए। क्योंकि, उनकी उम्र 75 साल से अधिक हो गई है। इसलिए अब सक्रीय राजनीति से दूर हो जाना चाहिए। उन्होंने खुद जो नीति तय की है। उसका ख्याल रखना चाहिए। उन्हें अपनी नीति पर गौर करना चाहिए। हम तो अब उन्हें सीधे तौर पर संन्यास लेने की सलाह दे रहे हैं।

**जेडीयू बोली–नीतीश कुमार क्लाइमेट लीडरः** जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार को क्लाइमेट लीडर कहा जाता है। उनका दिल और दिमाग दोनों बिहार के विकास के लिए लगा हुआ है। वे हमेशा बिहार के विकास के काम में लगे रहते हैं। प्रवक्ता ने तेजस्वी पर हमला करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के लिए महत्वपूर्ण यह है कि वह नौकरी के बदले कैसे जमीन लेंग्र। तेजस्वी यादव के नाम पर जमीन लेने से पेट नहीं भरे तो तरुण यादव के नाम पर लें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में धैर्य रखें तेजस्वी यादव कानून का हाथ लंबा होता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहाः उपभोक्ता संरक्षण के दायरे में नहीं वकीलों की सेवा

एजेंसी, पटना।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह व्यवस्था दी है कि वकील द्वारा दी गई सेवा उपभोक्ता संरक्षण एक्ट 1986 के दायरे में नहीं आता है। ऐसे मामले में वकील की कोताही बताते हुए उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मित्तल की खंडपीठ ने वर्ष 2007 में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के उस फैसले को पलटते हुए यह निर्णय दिया, जिसके तहत आयोग ने उपभोक्ता संरक्षण एक्ट की धारा 2 (ओ) का दायरा को बढ़ाते हुए वकीलों को भी उपभोक्ता संरक्षण के दायरे में ले आया था। फैसले में कहा गया है कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि वकील सेवा प्रदान करते हैं और फीस भी लेते हैं, लेकिन यह कोई व्यक्तिगत सेवा का अनुबंध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि पेशेवर और कुछ लोगों द्वारा व्यवसाय किए जाने और खरीद-बिक्री करने



वालों के बीच अंतर रखना चाहिए। पेशेवरों को व्यवसाय करने वाले लोगों की बराबरी में नहीं रखा जा सकता है। एक पेशेवर को सफल होने के लिए उच्च कोटि की शिक्षा और मानसिक परिश्रम की जरूरत होती है। इस मामले में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) का पक्ष बीसीआई चेयरमैन सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा और गुरु कृष्ण कुमार ने रखा।

## मंगल मूरति मारुति नंदन,सकल अमंगल मूल निकंदन

चाण्क्य भूमि(नानोसती)

अहवर शेख पंचायत के वार्ड नं 5 में हनुमान आराधना के आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन मंगलवार के दिन किया गया।इस आध्यात्मिक उत्सव में लोगों की भीड़ उमड़ी।यजमान के रूप।में श्री मति मधु देवी शिक्षिका और रामबाबू प्रसाद शामिल हुए।रात में एक भंडारा का आयोजन किया गया।मंडली ने हनुमान पर बड़ी आख्यान किया तथा कहा कि रामजी की कथा जहाँ होती है वहाँ हनुमान स्वतः उपस्थित हो2 जाते है।मंगल मूरति मारुति नंदन,सकल अमंगल मूल निकंदन से गूंजता रहा पंडाल।

## 35 लीटर देशी चुलाई शराब समेत एक धंधेबाज गिरफ्तार

चाणक्य भूमि

**मैनाटांड़**। इनरवा पुलिस ने रविवार को गस्ती के दौरान कुल 35 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की 35 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बीरेंद्र राम साकिन पिरारी थाना इनरवा जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# फंड की कमी से निर्माण कार्य अधूरा

**हड़ताली मोड़ पर जलनिकासी का सिस्टम नहीं बना, जलजमाव होने पर ठप हो जाएगा ट्रैफिक**

एजेंसी, पटना।

बेली रोड के हड़ताली मोड़ पर बने लोहिया पथचक्र में अबतक जलनिकासी के लिए कोई सिस्टम नहीं बन सका है। इससे बरसात के दौरान यहां जलजमाव होने का खतरा है। इसके निचले हिस्से में बेली रोड की दोनों तरफ, धोबी घाट रोड, दारोगा राय पथ, बोरिंग रोड और अटल पथ से लगी सड़कों से पानी आएगा। जलजमाव होने पर निचले हिस्से में ट्रैफिक ठप हो सकता है। 10 से 15 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। इससे पहले प्री-मानसून की बारिश हो सकती है। लेकिन, जलनिकासी के लिए यहां 26 लाख लीटर क्षमता वाले वाटर टैंक का निर्माण अबतक अधूरा है। साथ ही ऑटोमेटिक पंपिंग सिस्टम का काम भी पूरा नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक, निर्माण एजेंसी को पेमेंट नहीं मिलने के चलते निर्माण कार्य काफी धीमा हो गया है। पुल निर्माण निगम ने इस संबंध में विभाग को पत्र लिखकर जानकारी दी है। बताया



गया है कि अक्टूबर-2023 से ही निर्माण एजेंसी को भुगतान नहीं होने के चलते कई निर्माण कार्य प्रभावित हो गए हैं।

**अभी कई काम बाकी, केंद्र से 50 करोड़ नहीं मिलने से बाधितः** केंद्र सरकार के बीआरजीएफ (पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि) फंड से लोहिया पथचक्र का निर्माण किया गया है। लेकिन, केंद्र से करीब 50 करोड़ रुपए प्राप्त नहीं हो सके हैं, जिसके चलते फेज-2 के बचे काम प्रभावित हो रहे हैं। बोरिंग रोड में बने पुल की दोनों तरफ की सर्विस रोड को आपस में जोड़ना है। यहां ऑफिसर्स कॉलोनी वाली सर्विस रोड में छोटे महावीर मंदिर के पास से पंत भवन वाली सर्विस रोड को जोड़ने के लिए एक फुट ओवरब्रिज का निर्माण होगा। लोहिया पथचक्र की बोरिंग रोड की शुरूआती लेन के ऊपर से इस फुट ओवरब्रिज को बनाया जाएगा। इसके अलावा लोहिया पथचक्र की खाली जगहों में हरियाली को विकसित करना है। लेकिन, ये इन काम के लिए पर्याप्त राशि ही नहीं है।

**क्यों नहीं मिल रहा फंडः** वर्ष 2014-15 में ही पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि से 391 करोड़ मिले, जिससे लोहिया पथचक्र के दोनों फेज को बनाया गया। हालांकि पुल बनाने का काम वर्ष 2022-23 में शुरू हुआ, जिसके चलते प्रोजेक्ट की लागत बढ़ गई। पुल निर्माण निगम ने रिवाइज इस्टीमेट फेजा, लेकिन इसकी मंजूरी नहीं मिली। इसके चलते ही फेज-2 के तहत हड़ताली मोड़ के पास कई काम रुक गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मैरवा में होने वाला सीएम नीतीश का कार्यक्रम रद्द

**सीवान, एजेंसी।** सीवान लोकसभा क्षेत्र के मैरवा में बुधवार को होने वाला सीएम का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद से सीएम नीतीश कुमार के सारे कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। जदयू मीडिया प्रभारी ने बताया कि मैरवा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनसभा को संबोधित करने वाले थे। पार्टी की ओर से पूरी तैयारी भी कर ली गई थी लेकिन इस बीच सुशील कुमार मोदी का निधन हो गया। दोनों ने एक साथ 10 सालों तक सरकार चलाया है। उनके जाने से सीएम आहत है। वहीं लोकसभा प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा के पति रमेश कुशवाहा ने बताया कि संभावित तिथि जल्दी ही सभी को बता दी जाएगी।

### सूबे के दंत चिकित्सकों की तैयार होगी सूची

**मुजफ्फरपुर।** राज्य स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर सहित सभी जिलों को दंत चिकित्सकों की सूची बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए विभाग ने सभी जिलों के सीएस को पत्र लिखा है। दो दिन के अंदर सीएस से उनके यहां सदर अस्साल और पीएचएसी व सीएचसी में काम करने वाले दंत चिकित्सकों की सूची तैयार करने को कहा गया है। इसके बाद सीएस डॉ अजय कुमार ने सदर अस्पताल अधीक्षक समेत सभी पीएचसी प्रभारियों को उनके यहां कितने दंत चिकित्सकों की जगह है और कितने काम कर रहे हैं, इसकी रिपोर्ट भेजने को कहा है। पीएचसी से रिपोर्ट आने के बाद मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### 10वीं की छात्रा को चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी

**मुजफ्फरपुर।** मिठनपुरा इलाके की 10वीं की नाबालिग छात्रा को शोहदे ने चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी है। कोचिंग जाने के दौरान रास्ते में घेरकर धमकी दी गई है। इसके बाद उसका कोचिंग जाना मुश्किल हो गया है। उसके पिता ने मिठनपुरा थाने में चंदवारा इलाके के शोहदे को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस को बताया है कि छात्रा को व्हाट्सएप पर गंदे-गंदे वीडियो और फोटो भेजता है। मैसेज भेजकर भी गाली भी देता है। इससे छात्रा काफी सहमी हुई है और उसका कोचिंग जाना बंद है। पुलिस ने आरोपित के घर पर छापेमारी की है, आरोपित फरार है। उसके परिजनों को चेतावनी दी गई है कि दुबारा कोई मैसेज या धमकी दी तो खैर नहीं है।

### जिले के पांच न्यायिक अधिकारी बने एडीजे, तीन का स्थानांतरण

**मुजफ्फरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग ने सूबे के 135 न्यायिक अधिकारियों को अपर जिला सत्र न्यायाधीश में प्रोमोशन दिया है। इनमें मुजफ्फरपुर के पांच न्यायिक अधिकारी शामिल हैं। प्रोमोशन के साथ सभी एडीजे का स्थानांतरण भी किया है। मुजफ्फरपुर के दो पदोन्नत एडीजे यहां ही चार्ज लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के नोटिफिकेशन के बाद हाइकोर्ट से आदेश जारी होगा। मुजफ्फरपुर के सीजेएम सह सिविल जज सीनियर डिविजन पंकज कुमार लाल, सिविल जज सीनियर डिविजन सह एसीजेएम पूर्वी ज्योति कुमार कश्यप, सिविल जज सीनियर डिविजन सह एसीजेएम पश्चिमी महेश्वर दूबे, श्रम न्यायालय के पीठासीन पदाधिकारी ललन जी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव महेंद्र प्रसाद यादव और सिविल जज सीनियर डिविजन सह एसीजेएम पश्चिमी शिव कुमार को एडीजे बनाया गया है। इनमें नवपदोन्नत एडीजे महेश्वर दूबे को जमुई, ललन जी को शेरघाटी, महेंद्र प्रसाद यादव को कटिहार व शिव कुमार को औरंगाबाद स्थानांतरित किया गया है। वहीं पंकज कुमार लाल और ज्योति कुमार कश्यप मुजफ्फरपुर में ही एडीजे का चार्ज लेंगे।

### जिला विधिज्ञ संघ बचाओ को लेकर कार्यक्रम

**भागलपुर, एजेंसी।** मंगलवार को जिला विधिज्ञ संघ बचाओ संघर्ष समिति पोल खोल हल्ला बोल के बैनर तले धरना आयोजित किया गया। इसका संचालन करने वाले अजीत कुमार सोनू ने बताया कि संघ में हो रहे लगातार वित्तीय अनियमितता एवं चुनाव में धांधली एवं मनमानी तरीके से जो कार्य किए जा रहे हैं उसका विरोध किया गया। उनका कहना है कि इस तरह की बातों से अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला है। उनका कहना है कि इस दौरान अधिवक्ता कपिल देव यादव, समीर सिंह, दीप सिखा, अमित मंडल आदि मौजूद थे।

### टीएमबीयू में बनेगा बालक–बालिका छात्रावास

भागलपुर, एजेंसी। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) में बालक व बालिका के लिए छात्रावास बनाया जाना है। इसको लेकर भवन निर्माण विभाग ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया है कि वे स्थल का निरीक्षण कर मापी प्लान मुख्य वास्तुविद को उपलब्ध कराएं। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दोनों छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। विभाग ने भवन निर्माण को बालक छात्रावास के लिए दो एकड़ और बालिका छात्रावास निर्माण के लिए 1.357 एकड़ जमीन का नक्शा भी उपलब्ध कराया है।

# 12.54 करोड़ से शुरू होगा सड़कों का निर्माण, 515 करोड़ की लागत से फोरलेन भी बनेगा



**भागलपुर, एजेंसी।** 12 करोड़ 54 लाख 53 हजार की लागत से बनने वाली बबरगंज से बड़ी खुटाहा सहित 14 ग्रामीण सड़कों की निर्माण एजेंसी का चयन चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद होगा। इनका निर्माण कार्य जून में शुरू होगा।

12.695 किलोमीटर लंबी सड़कें रूरल वर्क डिपार्टमेंट (आरडब्ल्यूडी) की निगरानी में बनेंगी। इनके निमार्ण के लिए 14 अप्रैल को ही निविदा खोली जानी थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता लगने के कारण निर्माण एजेंसी का चयन नहीं हो सका है। इसकी वजह से मई से सडकों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

सड़कों के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। ठेकेदार को सड़क का मेंटेनेंस कराना अनिवार्य होगा। ये सभी सड़कें वर्तमान में जर्जर हैं। सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से होगी। निर्माण की राशि में मेंटेनेंस राशि एक करोड़ एक लाख रुपये शामिल है।

पहले चरण में भागलपुर से बांका जिले के ढाकामोड तक 515.17 करोड़ की लागत से बनने वाले भागलपुर-हंसडीहा (भलजोर) फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए बिजली पोल व तार हटाए जाएंगे। पोल-तार शिफ्टिंग के लिए एनएच विभाग को 8 करोड़ 34 लाख 88 हजार 557 रुपये बिजली विभाग को भुगतान करना होगा। इसमें 18 प्रतिशत जीएसटी और सुपरविजन चार्ज की राशि के रूप में 24 लाख 30 हजार 70 रुपये शामिल हैं। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भागलपुर आपूर्ति क्षेत्र द्वारा एनएच विभाग को सौपे गए प्राक्कलन के अनुसार हाईटेंशन व एलटी लाइन, 35 पोल, 200, 100, 63 व 25 केवीए के कुल 55 ट्रांसफार्मर हटाये जाने हैं।

सड़क निर्माण में आने वाली भू-अर्जन की समस्या का समाधान हो गया है। पहले फेज में भागलपुर से ढाकामोड़ तक फोरलेन सड़क की निविदा भी आचार संहिता खत्म होने के बाद खोल दी जाएगी। भू-अर्जन में बाधा उत्पन्न से पिछले पांच माह से टेंडर नहीं खोला जा सका है।

### एनएच-81 पर हाइवा से कुचलकर युवक की मौत

**प्राणपुर (कटिहार), एजेंसी।** कटिहार जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र के कुचियाही गांव के समीप एनएच 81पर हाइवा से कुचलकर 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच को जाम कर दिया। घटना के बाद हाइवा चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम हटाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान कुचियाही गांव के मो सनाउल उर्फ कालू के रूप में हुई है। युवक मछली का कारोबार करता था। मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह सनाउल्ला साइकिल से मछली खरीदने लाभा की ओर जा रहा था। कटिहार की ओर से तेज गति से आ रहे हाइवा ने कुचियाही गांव के समीप साइकिल सवार युवक को कुचल दिया। घटना के बाद चालक घटना स्थल से पांच किमी दूर जाकर हाइवा को सड़क पर छोड़ फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक एनएच 81 को जाम रखा। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। घटना की जानकारी मिलते ही प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत महतो ,रोशना थानाध्यक्ष तारिक अनवर अंसारी एवं इंस्पेक्टर इकबाल अहमद खान मौके पर पहुंचे।

## गंडक नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में गंडक नदी किनारे घूमने गए चार बच्चों की मौत डूबने से हो गई। घटना गोविंदगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव की है। गांव के निवासी अमावस सहनी ने बताया कि उनके यहां कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यूपी के कुशीनगर निवासी रामकिशोर सहनी और सुगौली थाना क्षेत्र के सेनुवरिया निवासी मोहन सहनी का परिवार आया था।

**नदी किनारे घूमने गए थे सभी बच्चे :** अमावस ने आगे बताया कि सोमवार की शाम उनकी 19 साल की बेटी शिबू कुमारी, मोहन सहनी का 17 साल का बेटा मुरारी कुमार, रामकिशोर सहनी की 9 साल की बेटी आशा कुमारी और 7 साल का बेटा शिवम कुमार नदी की ओर घूमने गया था। घूमने के बाद आशा और शिवम गंडक नदी में नहाने गए। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण दोनों बच्चे डूबने लगे। उनको बचाने के लिए आशा और मुरारी भी नदी में कूद गए। इस दौरान चारों डूबने लगे। आस पास के लोगों ने शोर मचा कर लोगों को बुलाया और पुलिस को भी घटना की सूचना दी।

स्थानीय लोगों ने चारों लापता बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। अरेराज एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि गंडक नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई है। इसमें शिबू कुमारी, आशा कुमारी और मुरारी कुमार के शव को एसडीआरएफ की टीम ने खोज लिया है। फिलहाल शिवम कुमार के शव की तलाश जारी है। मौके पर अरेराज अंचलाधिकारी और गोविंदगंज थाना की पुलिस मौजूद है।

### ब्राउन शुगर के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, नशीले पदार्थ की बिक्री मामले में तीन बार जा चुका है जेल

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** सोहसराय थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कखड़िया सोहडीह खंधा से एक ब्राउन शुगर के धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार धंधेबाज कखड़िया गांव निवासी स्व बिंदा यादव का 19 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार है।

थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सोहडीह खंधा में एक युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहा है। इसी सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें देखकर युवक भागने लगा। जिसे जवानों ने दौड़कर पकड़ लिया।

पकड़ने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 16 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पहले भी शराब बेचने के आरोप में वह तीन बार जेल जा चुका है। शहर के कई इलाकों में पुलिस दबिश के बावजूद ब्राउन शुगर का कारोबार फल फूल रहा है।

इसकी लत पड़ने से युवा पीढ़ी मौत के मुंह में जा रहे हैं। दो महीने में ब्राउन सुगर की वजह से करीब सात युवक अपनी जान गंवा चुके है। कुछ दिनों पहले पुलिस शव को एक युवक का एक शव मिला था। उस युवक के आसपास से ब्राउन शुगर का इंजेक्शन और कुछ पुड़िया बरामद किया गया था।

# 11वीं में एडमीशन का नया नियम : जहां से पास की मैट्रिक परीक्षा, 11वीं में नामांकन भी वहीं लेना होगा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** आठवीं पास छात्र-छात्राओं का नौवीं में अपनी ही पंचायत के स्कूलों में नामांकन का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि इसी बीच विभाग ने एक और आदेश जारी कर दिया है। नए आदेश के अनुसार, 10वीं पास छात्र-छात्राओं को अपने ही विद्यालय में नामांकन कराना है।

विशेष परिस्थिति में यदि कोई विद्यार्थी दूसरे विद्यालय में नामांकन कराना चाहेंगे तो जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र के आधार पर मौके पर नामांकन (स्पॉट एडमिशन) के दौरान 11वीं में दाखिला किया जा सकेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को इस संबंध में विस्तृत आदेश दिया है। दूसरी ओर घर से उस विद्यालय की दूरी कम है, जहां छात्र स्पॉट एडमिशन में नामांकन करना चाहता है, ताकि उस छात्र को अधिक दूरी तय करने की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।



जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने पत्र में कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की गई है, ताकि उन पंचायतों के छात्र-छात्राओं को वर्ग 9-12 तक के अध्ययन में कोई असुविधा न हो और उन्हें अधिक दूरी तय कर दूर के विद्यालय में नामांकन लेने की बाध्यता नहीं रहे।

संबंधित विद्यालयों में शिक्षण कार्य की सुविधा हेतु बिहार लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के आलोक में करीब एक लाख शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। इस प्रकार प्रत्येक उत्क्रमित माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध हो गए हैं। ऐसे में उन स्कूलों में ही नामांकन होगा।

# अगले दो दिनों में फिर चलेगा हीट वेव, वर्षा की कोई उम्मीद नहीं

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कुछ दिनों की राहत के बाद अब मौसम ने यूटर्न ले लिया है। मंगलवार को उमसभरी गर्मी के कारण पूरे दिन लोग बेहाल रहे। हवा नहीं चलने के कारण और अधिक पसीना निकलने से बार-बार गला सूख रहा था।

तापमान तो 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, लेकिन इसका जनजीवन पर अधिक प्रभाव पड़ा। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों में फिर से गर्मी बढ़ेगी। उत्तर बिहार के जिलों में इस अवधि में आसमान में हल्के बादल छाएंगे, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

मौसम विभाग ने बताया है कि मौसम का मिजाज शुष्क रहेगा, लेकिन अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। दूसरी ओर न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

तापमान में बढ़ोतरी के कारण हीट वेव चलेगा। वरीय मौसम विज्ञानी डा. ए. सत्तार



ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस कारण लू चलेगी।

आसमान में बादल छाएंगे, लेकिन वर्षा की कोई उम्मीद नहीं है। वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## ससुर के श्राद्धकर्म में आए दामाद की मौत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में मंगलवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार शरीफ राजगीर फोरलेन के टोल प्लाजा के समीप की है।



मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत नजरपुर गांव निवासी जगदीश रविदास के (35) वर्षीय पुत्र संजीव रविदास जबकी, जख्मी युवक की पहचान पटना जिला के मोकामा गांव निवासी संजय कुमार के रूप में की गई है। दोनों रिश्ते में साढ़ू लगते थे। वे दोनों अपने ससुराल, दीपनगर बाजार ससुर के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए आए थे। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि राजेश रविदास एवं संजय कुमार शौच के लिए टोल प्लाजा के समीप गथे। जहां गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके कारण दोनों गम्भीर रुप से जख्मी हो गए। पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की मौत हो गई। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था।

वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में जख्मी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। और घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम में एक युवक की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ नौजवानों को देंगे नौकरी : तेजस्वी यादव

**सकरा, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा की केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकारी बनी तो एक करोड़ नौजवानों को सरकारी नौकरी और प्रत्येक परिवार को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक गरीब परिवार को एक लाख की सहायता राशि, पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। अग्निवीर योजना खत्म की जाएगी। वे मंगलवार को सकरा के मझौलिया सादपुरा मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पीएम मोदी मुद्दे की बात नहीं करते। जनसभा में दस वर्षों में बिहार



के लिए क्या किया, इसकी चर्चा भी नहीं करते है। पिछले चुनाव में जो वादे किए, उससे सब ठगे गए। हमने 17 महीने में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मोदी हिंदू और मुसलमान की बात कर देश को बांटने में लगे है। नीतीश कुमार शरीर से एनडीए में और मन इंडी गठबंधन के साथ है। तेजस्वी ने मंच से लोगों से अजय निषाद को जिताने का आश्वासन लेकर उन्हें जीत की माला पहनायी। जनसभा में वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है। उन्होंने दोनों को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को वोट देने की अपील की। कहा कि मोदी की केंद्र सरकार गरीबों, पिछड़ों की नहीं बल्कि पूंजीपतियों की सरकार है। सभा की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता और संचालन सकरा राजद प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण राम ने किया। सभा को पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, विधायक विजेंद्र चौधरी, निरंजन राय, पूर्व विधायक लालबाबू राम, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता उमेश कुमार राम, चक्रधर पासवान, मुरौल अध्यक्ष आनंद लाल राय, प्रमुख मो. नूर आलम, रमेश यादव, मो. रेयाज अहमद, अरुण साह, सच्चिदानंद सुमन, चंदन यादव, सीता देवी, छोटू यादव, प्रशांत राज, सुरेश राय, राजू राम ने भी संबोधित किया ।

# पुल निर्माण में अनियमित पर भड़के ग्रामीण, पीओ ने रोका काम

चाणक्य भूमि बैरिया



बैरिया प्रखंड क्षेत्र के पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर आठ मे मनरेगा योजना से हो रही पूलिया निर्माण मे धांधली को देख लोगो का गुस्सा भडक गया । घटिया काम को लेकर लोग हंगामा करने लगे । लोगो का आरोप है कि स्टीमेट को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है ।

सरकारी राशि का बंदरबांट का खेल किया जा रहा है । जब पी ओ को इसकी शिकायत मिली तो उन्होंने तुरंत निर्माण कार्य को रोक दिया है । मालूम हो कि पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर आठ में मनरेगा योजना से पुलिया का निर्माण हो रहा है । जब काम मे धांधली होते ग्रामीणों ने देखा तो वे लोग भडक गये । ग्रामीण हंगामा कर विरोध जताने लगें । ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया निर्माण में गंडक नदी के निकला हुआ बालू मिलाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही इसमे घटिया किस्म की ईट व जंग खायें कई वर्षों के पुराने छड का प्रयोग किया जा रहा है । जिसकी गुणवत्ता काफी खराब है । इस तरह की घटिया काम कराकर संवेदक सरकारी राशि का लूटखसोट करना चाह रहा है । ग्रामीण शंभू यादव ने बताया कि सरकारी राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है । जिस घटिया क्वालिटी का मैटेरियल लगाया जा रहा है । उससे बनने के बाद पुलिया एक बरसात भी नही सहन कर पायेगा । सरकारी राशि का बंदरबाट कर पुलिया निर्माण कराया जा रहा है।

नकार्य स्थल पर बिना योजना बोर्ड लगाए ही काम हो रहा है । ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यहां पर काफी अनियमितता किया जा रहा है। लोगो ने कहा कि अगर निर्माण कार्य सही नहीं कराया गया तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगे । उसके बाद हम लोग जिला अधिकारी से शिकायत करेंगे। इस संबंध में मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी देवकांत कुमार ने दुरभाष के माध्यम से बताया की निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। जांच कर दोषी पाए जाने वालो पर कार्रवाई के लिए वरीए अधिकारियों को लिखा जाएगा।

# खराब चापाकल की नहीं हो रही मरम्मती ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

चाणक्य भूमि योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में अवस्थित मठ में लगे चापाकल से पानी निकलना बंद हो गया है। जिस कारण पेय जल संकट गहराने लगा है। अधिकांश चापाकलों से पानी निकलना बंद हो गया। गर्मी की वजह से कुंआ और तालाब का पानी भी सूखने की स्थिति में है। ग्रामीण क्षेत्र में लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है की अधिकारी से लेकर जन प्रतिनिधि चुनाव में लगे हुए है इसीलिए इस प्रकार की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रखंड के कोई भी पदाधिकारी लोगों की नहीं सुन रहे हैं। कई पंचायत के लोगों ने लोकसभा चुनाव में इस समस्या को लेकर अपनी गुस्सा दबाकर रखे हुए है। लोग किसी भी प्रत्याशी को वोट नहीं देने का फैसला ले रहे हैं। वही ग्रामीण धर्मदेव राम,उदय ठाकुर,जोगिंदर राम,विनोद नट,रामपूजन यादव ने बताया की समस्या को दूर करने के लिए कोई भी नेता और पदाधिकारी पहले से ध्यान नहीं देते। वोट के समय सभी नेता गांव वालों को सुख-दुख का साथी बताते हैं। परंतु जीतकर जाने के बाद वे दुबारा मिलने का प्रयास भी नहीं करते। समस्या दूर करने की बात फिर वे कैसे कर सकते हैं सरकारी तौर पर अबतक पेयजल संकट से उबरने का कोई उपाय नहीं निकाला जा रहा है। आनेवाले दिनों में जलसंकट और गहरा होगा। पदाधिकारी को युद्धस्तर पर इसके निदान के लिए कमर कसकर आना चाहिए। परंतु अबतक कोई ध्यान नहीं देना खेदजनक है। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता ने बताया की मिस्त्री भेज कर शीघ्र बनवा दि जायेगी।

# ग्यारह अग्नि पीड़ितों को मिला मुआवजा सीओ ने पीड़ितों को दिया चेक

चाण्क्य भूमि मझौलिया

प्रखंड क्षेत्र के एक दर्जन अग्नि पीड़ितों को सीओ ने 12 -12 हजार रुपये का चेक दिया।जानकारी सीओ राजीव रंजन ने दी।उन्होंने बताया कि जौकटिया एवं बैठनिया पंचायत में बीते दिनों लगी आग से पीड़ित परिजनों के बीच

अगलगी का सत्यापन करा कर बैठनिया निवासी किशोर महतो, जौकटिया निवासी हीरामती देवी, सविता देवी , विक्रम सहनी , लालसा देवी , बसंती देवी , सविता देवी , सावित्री देवी , आशिया देवी , सीमा देवी एवं शिवानी देवी को सरकारी प्रावधान के अनुसार प्रत्येक अग्नि पीड़ित को 12 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक दिया गया।

राशि वितरण के दौरान सीओ ने गरीब परिवार के सदस्यों को कहा कि जो राशि आपदा राहत के तहत मुहैया कराया जा रहा है उसे सही रूप में खर्च करें। सीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए गरीब परिवार के सदस्य अपने घर में सुबह आठ बजे एवं शाम छह बजे से पूर्व खाना बनाना निश्चित रूप से सुनिश्चित करें ताकि अग्निकांड से बचाव हो। महिलाएं खाना बनाने के दौरान सूती वस्त्र पहन कर ही खाना बनाने का प्रयोग करें एवं खाना बनाने के दौरान एक बाल्टी पानी निश्चित रूप से रसोई घर में रखें।

मौके पर अंचल नाजिर अमित कुमार, समाजसेवी संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य मौजूद।






# आग से आधा दर्जन झोपड़ी समेत लाखो की संपत्ति राख

चाणक्य भूमी बैरिया




- पाच बकरी व जीविका समुह से ली गई मुर्गी जलकर खाक

बैरिया अंचल क्षेत्र के बगही बघंबरपुर पंचायत के वार्ड नंबर चार में मंगलवार के रात में अचानक लगी आग ने आधा दर्जन झोपड़ी समेत लाखो की संपत्ति जला कर राख की ढेर मे तब्दील कर दिया है। ग्रामीणो की मदद से आग पर काबू पाया गया । पुर्व मुखिया मनोज प्रसाद ने बताया कि इस अगलगी मे एक लाख रूपया नगद, गहना समेत लाखो की संपत्ति बर्बाद हो गयी है। बताया जाता है कि अचानक लगभग सात बजे रात मे मोतीलाल राम के घर से आग की लपटें उठी । आग की लपटें उठता देख आस-पास के लोग शोरगुल करने लगे। गांव के लोग वहां दौड़कर पहुँचने लगे। मगर आग देखते ही देखते पल-भर में लालबाबू राम,सुनिल राम,बन्धु पासवान,बिरबल राम, शंकर राम की झोपड़ियां राख की ढेर मे बदल दिया। इस अगलगी के दौरान भगदड मच गई। जो जहाँ था। वही से आग बुझाने के लिए दौडने लगे। किसी तरह अग्नि पीड़ित परिवारो को बाहर निकला गया। स्थानीय सरपंच बिपिन कुमार चौधरी ने बताया की अनाज समेत लाखो की संपत्ति बर्बाद हो गयी है। क्योंकि रात का समय था और अचानक आग लगने के कारण कुछ भी समान घरों से नही निकाला जा सका। सीओ वीकेश पाण्डेय ने कहा कि हल्का कर्मचारी को जांच के लिए भेजा गया है । अग्नि पीड़ित परिवार को जो भी सरकारी स्तर से राहत देने का प्रावधान है । उसे तुरंत मुहैया करा दी जाएगी। पीडित परिवारो को प्रथम स्तर मे दी जाने वाली राहत शीघ् दिया जाएगा।

# एसडीआरएफ की टीम ने सिकरहना नदी से दूसरे शव को निकाला

चाण्क्य भूमि( मझौलिया)



- पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया
- सीओ मझौलिया ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

नम आंखों के बीच सेमरा कब्रगाह में बिरादरी के लोगों की उपस्थिति में बुधबार के दिन दोपहर दोनो किशोरियों को मिट्टी दी गई।बरवां सेमराघाट पंचायत के मुखिया शौकत अली ने बताया कि एक ही कब्रगाह में दोनो लड़कियों शेख बिस्मिल्लाह की लड़की कुसुम तारा और शेख रोगी की लड़की जिनतारा को मिट्टी दी गयी।उन्होंने बताया कि मंगलवार की संध्या एसडीआरएफ की टीम ने सिकरहना नदी से अलग अलग डोभ से उक्त लड़कियों के शव को बाहर निकाला था। मौके पर पहुंचकर दोनो लड़कियों के शव को मझौलिया पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेजा।पोस्टमार्टम के बाद बुधवार के दिन 12 बजे पुलिस ने शव को परिजनों को सौपा।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि सोमबार को उक्त दोनों लड़कियां सेमराघाट के तट पर बकरी चराने गयी थी।इसी दौरान सिकरहना नदी में स्नान करने लगी।स्नान के क्रम में दोनो गहरे पानी मे चली गयी।जहां पानी मे डूबने से मौत हो गयी।अन्य बकरी चरवाहे की निशानदेही पर मंगलवार को मुखिया शौकत अली ने एसडीआरएफ की टीम तथा सीओ मझौलिया को घटना की जानकारी दी।मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम के कड़ी मशक्कत के 09 घंटे बाद सिकरहना नदी से दोनो शव को 01घंटेअंतराल परनदी से बाहर निकाला गया।

बताते चले कि मंगलवार को देर शाम सीओ राजीव रंजन ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को अकाल मौत में मिलने वाली राशि दिलाने की बात कह परिजनों को ढांढस बंधाया।

# घर से वोट देने के लिए कुल 237 में से 230 लोगों मतदान किया

चाणक्यभूमि बेतिया

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग मतदाताओं के लिये सरकार ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की है। ऐसे मतदाताओं को फार्म 12 डी भर कर जमा करना था। जिले मे कुल 237 मतदाताओं ने फॉर्म को भरा था।

चुनाव आयोग के कर्मियों द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से पर्ची लेनी थी जिसके लिए 14 और 15 मई तारीख निर्धारित थी। जिले के अधिकारी निर्धारित तिथि पर उनके घर गए और उनका वोट लिए।

कुल सात मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। एक मतदाता की मृत्यु हो गई थी जबकि आधे दर्जन वोटरों ने विभिन्न कारणों से मतदान नही किया ।









# सदर एसडीपीओ-1 ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान



चाणक्य भूमि

सदर एसडीपीओ-1 ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी प्रदीप कुमार, पूर्व चम्पारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी नंदू चौरसिया एवं हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरसिद्धि गांव निवासी काशिद रजा के रूप में हुई है। चनपटिया थाना की पुलिस ने जिला आसूचना इकाई के सहयोग से मंगलवार की देर रात यह कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रैक्टर की बरामदगी एवं लुटेरों की गिरफ्तारी पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि से की है।

घटना के सम्बंध में आपको बता दें कि 17 दिसंबर की रात्रि चनपटिया थाना क्षेत्र से एक ट्रैक्टर-ट्राली को अपराधियों ने लूट लिया था। इस मामले में जगदीशपुर के बिट्टू कुमार एवं बरवत पसराइन का अनंत पासवान को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है।

# लूटा गया ट्रैक्टर बरामद तीन अपराधी गिरफ्तारी

चाणक्यभूमि बेतिया

चार माह पूर्व हुये ट्रैक्टर लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले का उद्भेदन करते हुए लूट कांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है साथ ही अपराधियों की निशानदेही पर ट्रेक्टर को भी जप्त कर लिया है।

इस सम्बंध में सदर एसडीपीओ-1 विवेक दीप ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी प्रदीप कुमार, पूर्व चम्पारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी नंदू चौरसिया एवं हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरसिद्धि गांव निवासी काशिद रजा के रूप में हुई है।

# कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए सुनील कुमार राव ने जनसंपर्क किया

चाणक्य भूमि बेतिया



इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी जी की जीत पक्की करने के लिए भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव के नेतृत्व में नौतन विधानसभा क्षेत्र के बैरिया , सिसवा सरेया, बगही बघंबरपुर, बनकटवा और श्यामपुर कोतराहां में सघन चुनाव प्रचार प्रसार संचालित किया गया। जनसंपर्क के दौरान विभिन्न स्थानों पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि भाजपा को सत्ता और समाज से बेदखल करने के लिए जनता ने कमर कस लिया है। मोदी और शाह के तमाम तिकड़म को धत्ता बताते हुए भाजपा को धुल चटाने का मन बना लिया है। पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल को भी जनता ने नकार दिया है।भाजपा प्रत्याशी और नेताओं को गांव में घुसने पर काफी प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम को सुरेंद्र चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ सुनामी जैसा माहौल है। महागठबंधन के 17 माह के कार्यकाल में रोजगार देने से युवाओं में महागठबंधन के प्रति झुकाव है।साथ में अली मोहम्मद गद्दी,लक्ष्मी चौधरी, योगेन्द्र चौधरी अनील कुमार साह, विकास कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, कादिर अंसारी मनोज कुमार साह और रिंकू सिंह आदि मौजूद थे।









# परिवार नियोजन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

चाणक्य भूमि बेतिया




- दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का हो अंतर अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास 'बास्केट ऑफ़ च्वाइस' मौजूद हैः डीसीएम राजेश कुमार

जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए पीएसआई इंडिया के सहयोग से शहर के एक निजी होटल में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सीएस डॉ श्रीकांत दुबे ने कहा कि परिवार-समाज और देश की खुशहाली के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण होना चाहिए। कम उम्र में विवाह पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जरूरी हो गया है कि हर कोई छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में गंभीरता से विचार करे। इसके अलावा बच्चे का जन्म तभी हो, जब माता-पिता उसके लिए पूरी तरह तैयार हों। अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास 'बास्केट ऑफ़ च्वाइस' मौजूद है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखना चाहिए। ताकि महिला का शरीर पूरी तरह से दूसरे गर्भधारण के लिए तैयार हो सके। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को भी सुधारा जा सकता है। उन्होंने नव दम्पतियों को शादी के दो साल बाद ही बच्चे के बारे में सोचने के प्रति जागरूक करने की बात कही, क्योंकि पहले जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे को अच्छी तरह से समझें, परिवार को समझें और अपने को आर्थिक रूप से इस काबिल बना लें कि अच्छी तरह से बच्चे का लालन-पालन कर सकें। तभी बच्चा पैदा करने की योजना बनाएं।

जिले के आशा समन्वयक राजेश कुमार ने कहा की अनचाहे गर्भ से बचने के लिए जिले के स्वास्थ्य केन्द्रो पर स्थायी व अस्थायी संसाधन मौजूद है। उन्होंने बताया की आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए नव विवाहित जोड़े को 'नई पहल' किट दी जाती है, उन्हें अनचाहे गर्भ से बचने के साथ ही गर्भनिरोधक गोली, कंडोम, छाया, प्रसव के तुरंत बाद लगने वाली पीपीआईयूसीडी, बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया की परिवार नियोजन के सूचकांक में अच्छी प्रगति हुई है, पश्चिम चंपारण जिले में कुल प्रजनन दर 4.0 से घटकर (एनएफएचएस) 3.01 हो गया है जो 0 .9 प्रतिशत का सुधार हुआ है, बिहार के 38 जिलों में अच्छा सुधार हुआ है। जिले में अनमेट नीड 22.3 से घटकर 12.1 तक हुआ है। यह भी बहुत अच्छा संकेत है। आशाओं, परिवार नियोजन कॉउंसलर व एएनएम के से सहयोग एवं जागरूकता से परिवार नियोजन साधनों की समुदाय स्तर मांग मांग बढ़ी है। उन्होंने बताया की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 48 पुरुषों की नसबन्दी की गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 11 हजार 500 से ज्यादा बंध्याकरण किया गया।

इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि विवेक मालवीय, डीसी प्रताप कोशियरी,राकेश कुमार,डॉ प्रेमा, सिफार डीसी सिद्धांत कुमार, रंजन मिश्रा, बीसीएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714